# सिंगल यूज प्लास्टिक उत्पादों को जब्त कर सख्त कार्रवाई करें : कलेक्टर

**बीकानेर,**(कासं)। जिला कलेक्टर भगवती प्रसाद कलाल ने सिंगल यूज प्लास्टिक उत्पादों के उपयोग निश्चित करवाने के साथ वैकल्पिक उत्पादों को प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा है कि संबंधित विभागों द्वारा सघन अभियान चलाते हुए ऐसे उत्पादों को जब्त किया जाए तथा इनका निर्माण, भंडारण और विपणन करने वालों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाए। जिला कलेक्टर ने बुधवार को विवाद एवं शिकायत निवारण तंत्र के तहत गठित जिला स्तरीय समिति की बैठक के दौरान यह निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग के विरूद्ध प्रभावी कार्ययोजना बनाएं और विभिन्न क्षेत्रों से आने वाली बसों और ट्रकों की सघन तलाशी ली जाए।

जिला कलेक्टर ने औद्योगिक क्षेत्रों में सभी आधारभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए और कहा कि इन स्थानों पर पेयजल, साफ सफाई, सड़क, स्ट्रीट लाइट और सुरक्षा से जुड़े बिन्दुओं का विशेष ध्यान रखा जाए। घड़सीसर क्षेत्र में निर्माण सामग्री रख कब्जा करने वालों की सामग्री जब्त करने के निर्देश दिए और कहा कि यदि इसकी पुनरावृति होती है तो संबंधित के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करवाई जाए।

उन्होंने औद्योगिक क्षेत्रों में फायर ब्रिगेड उपलब्ध करवाने की प्रगति जानी। उन्होंने कहा कि उद्योग केन्द्र और रीको के अधिकारी औद्योगिक इकाईयों के प्रतिनिधियों से समन्वय रखें, जिससे इन्हें बेवजह परेशानी नहीं हो। उन्होंने



**बीकानेर कलेक्टर भगवती प्रसाद कलाल ( दाएं ) ने विवाद एवं शिकायत निवारण तंत्र के तहत गठित जिला स्तरीय समिति की बैठक को संबोधित किया।**

औद्योगिक क्षेत्रों में विद्युत ट्रांसफार्मर्स को नॉर्म्स के अनुसार सुरक्षित करने के निर्देश दिए। इस दौरान विभिन्न उद्योग संघों के प्रतिनिधियों ने अपनी बात रखी। बैठक में नगर विकास न्यास सचिव यशपाल आहूजा, जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र की महाप्रबंधक मंजू नैण गोदारा, नगर निगम उपायुक्त राजेन्द्र कुमार, सुमन शर्मा, रीको के रीजनल मैनेजर यशपाल सिंह, जिला उद्योग संघ के अध्यक्ष डीपी पच्चीसिया, वीरेन्द्र किराडू, गोपी किशन गहलोत, मनीष कोठारी समिति सदस्य रमेश अग्रवाल सहित अनेक लोग मौजूद थे।

**ईओ ने किया वार्डो का निरीक्षण :** अनूपगढ़ स्वच्छता सर्वेक्षण में अव्वल आने के लिए नगर पालिका की तरफ से प्रयास शुरू कर दिए गए है। पालिका की तरफ से लोगों से फीड बैक लेकर मिली शिकायतों को दूर करवाया जा रहा है। इसी के तहत आज नगर पालिका में आयोजित बैठक में ईओ संदीप बिश्नोई ने कस्बे के विभिन्न वार्डो का निरीक्षण कर सफाई सेवकों को निर्देश दिए है।

उन्होंने बताया कि सफाई निरीक्षक को निर्देशित किया गया है कि सभी वार्डो में सफाई व्यवस्था सही होनी चाहिए। स्वच्छता सर्वेक्षण की रैंकिंग में अभी तक पूरे भारत में नगर पालिका दूसरे स्थान पर चल रही है।

वहीं नगर पालिका की तरफ से सिटिजन फीडबैक के तहत अधिक से अधिक जन भागीदारी के लिए विशेषाधिकारी कल्पना अग्रवाल, पूर्व न्यायाधीश सोनाली, तहसीलदार राजेन्द्र चौधरी, खण्ड विकास अधिकारी रविन्द्र कुमार शर्मा, अधिशासी अभियंता पीएचईडी जितेन्द्र झांब, सहायक अभियंता पीडब्लयूडी अजयराज, उपकोषाधिकारी पेप सिंह राठौड़ ,निजी सहायक, विशेषाधिकारी शिव कुमार डेलू, प्रधानाचार्य मॉडल सुभाष निर्वाण की तरफ से पोर्टल पर सिटीजन फीडबैक देकर आमजन एवं कार्यालय के कार्मिकों से अधिक से

- कलेक्टर ने विवाद एवं शिकायत निवारण तंत्र के तहत गठित जिला स्तरीय समिति की बैठक में ये निर्देश दिए

अधिक फीडबैक दिये जाने के लिए आग्रह किया। पोर्टल पर अपने आस-पास, गली, वार्ड, मोहल्ले की साफ-सफाई के बारे में पर फीडबैक देकर शहर को स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 में अव्वल लाया जा सकता है।

नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी संदीप बिश्नोई शहर के विभिन्न स्थानों पर सफाई व्यवस्था सहित अन्य निरीक्षण किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान उन्होंने आमजन एवं जनप्रतिनिधियों से शहर की सफाई व्यवस्था सहित अन्य व्यवस्थाओं को जाना। उन्होंने लोगों को सड़क पर कचरा नहीं फेंकने, नगर पालिका की कचरा संग्रहण की गाड़ी में ही कचरा फेंकने, कचरा नहीं जलाने एवं नालियों में प्लास्टिक की किसी भी वस्तु को नहीं फेंकने के लिए प्रेरित किया। पालिका ईओ ने बताया कि सुबह निरीक्षण के दौरान अत्यधिक कचरा फैलाने,पर्यावरण प्रदूषण करने वाले चार व्यक्तियों को नोटिस भिजवाए गए है। उन्होंने बताया कि अब से कचरा फैलाने वाले से जुर्माना भी वसूला जायेगा।

## रंजिश को लेकर पत्थरबाजी व फायरिंग

**सूरतगढ़,** (कासं)। यहां वार्ड नंबर 9 में रंजिश को लेकर देर रात पत्थरबाजी और फायरिंग किए जाने का मामला सामने आया है। मौके पर पहुंची सिटी पुलिस ने घटना की जानकारी लेते हुए आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

हालांकि प्रथमदृष्टया पुलिस ने फायरिंग किए जाने की घटना से ही इनकार किया है। फिर भी मामले की जांच पड़ताल शुरू की गई है। सिटी थाना के एएसआई नूर मोहम्मद ने बताया कि बीती रात्रि वार्ड नंबर 9 में पार्षद हंसराज स्वामी का उनके पास फोन आया कि बाइक सवार कुछ युवकों ने रंजिश को लेकर महावीर स्वामी नामक एक व्यक्ति के घर पर फायरिंग करते हुए फरार हो गए।

एएसआई ने बताया कि वे मौके पर पहुंचे तो फायरिंग किए जाने के साक्ष्य नहीं मिले। घर से कुछ दूर एक स्ट्रीट लाइट जरूर तोड़ी हुई मिली। इस घटना के बाद पार्षद समेत वार्ड के लोगों ने सिटी थाना के आगे आज बुधवार को धरना लगाने की भी चेतावनी दी है। सिटी थाना के ही एएसआई राजकुमार ने बताया कि कुछ दिन पूर्व भाट और ढाढ़ी समुदाय में एक युवती को लेकर विवाद हो गया था। इस मामले में राज मिस्त्री अमित पुत्र महावीर ने युवती की पैरवी की थी। क्योंकि युवती राज मिस्त्री के पास मजदूरी करती थी। इससे दूसरा पक्ष रंजिश रखने लगा था। इस संबंध में स्वामी परिवार ने मारपीट के आरोप में 29 जून को थाना में मामला दर्ज करवाया था। एएसआई ने बताया कि इस मामले की जांच भी चल रही है। दूसरी ओर स्वामी पक्ष का आरोप है कि बेखौफ आरोपियों ने देर रात्रि को दहशत फैलाने के उद्देश्य से फायरिंग की।

## सार-समाचार

### अमावस को धरती मां का पूजन

**बीकानेर,** (कासं)। राष्ट्रीय गाय आन्दोलन राजस्थान, मां भारती सेवा प्रन्यास, कामधेनु गौशाला अंबासर के सयुंक्त तत्वावधान में 17 जुलाई को हरियाली अमावस्या के अवसर पर प्रकृति आभार दिवस मनाया जायेगा। संगठन के द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम के आयोजन संयोजक प्रेम सिंह घुमान्दा ने बताया कि सावन मास की हरियाली अमावस को प्राकृतिक आभार दिवस के अंतर्गत गौ भक्त, प्राकृतिक प्रेमी, धरती माता का पूजन कर 501 दीपदान कर धरती व प्रकृति का आभार व्यक्त करेंगे। कार्यक्रम शंभू गिरी महाराज के पावन सानिध्य में आयोजित किया जाएगा। बैठक में अपने विचार रखते हुए राष्ट्रीय गाय आंदोलन के अध्यक्ष सूरजमाल सिंह नीमराना में बताया कि हरियाली अमावस हमारे पूर्वजों के द्वारा बनाया गया प्रकृति और धरती के प्रति आभार व्यक्त करने का दिवस है। इस दिन व्यक्ति वृक्ष लगाकर धरती व प्रकृति की पूजा करके प्रकृति व ईश्वर के प्रति आभार व्यक्त करता है। आज के समय ऐसे आयोजनों की आवश्यकता है। इस दिन हम सब गोचर, ओरण, जंगल बचाने का संकल्प लेंगे और प्रकृति के द्वारा बनाई गई जैव विविधता बनी रहे। पर्यावरण संरक्षित रहें इसके लिए संकल्पित होकर कार्य करेंगे। संगठन के महेन्द्र सिंह गोदारा ने बताया कि यह कार्यक्रम 17 जुलाई को शाम 5:00 बजे स्थान कामधेनु गौशाला अबांसर में मनाया जायेगा। इस अवसर पर सभी गौभक्त, पर्यावरण प्रेमी, प्रकृति प्रेमी सादर आमंत्रित हैं। आज की बैठक में एडवोकेट जलद सिंह, किशन लाल, अशोक कुमार, चांदवीर सिंह, दाऊ लाल, शंकरलाल, मनोज सिंह, अरविंद कुमार आदि ने भाग लिया।

### आयकर रिटर्न पर जानकारी देंगे

**बीकानेर,** (कासं)। आईसीएआई व आयकर विभाग के संयुक्त प्रयासों से पूरे भारतवर्ष में आईसी एआई की 168 ब्रांचों में टैक्स क्लीनिक का आयोजन 13 व 14 जुलाई को हो रहा है। जिसमें निशुल्क सभी आयकर दाताओं को अपने आयकर विवरणिका भरने संबंधित किसी भी प्रकार की आ रही दिक्कत का समाधान किया जायेगा। दो दिन के दौरान कोई भी करदाता आईसीएआई की शिवली स्थित शाखा भवन में सुबह 11:00 बजे से शाम 6:00 बजे तक आकर कर विशेषज्ञों से निशुल्क सलाह ले सकता है। कर विशेषज्ञ सीए मनमोहन मोदी व सीए वीरेन्द्र सुराणा आगंतुकों को उनके आयकर रिटर्न में सामान्य त्रुटियों वे उन्हें सुधारने के लिए उपाय बताएंगे लेकिन किसी भी प्रकार का आयकर रिटर्न नहीं भरा जायेगा। आईसीएआई बीकानेर ब्रांच के अध्यक्ष सीए राहुल पच्चीसिया ने बताया दो दिवसीय कर सलाह कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य कर जागरूकता फैलाना व कर अनुपालना को बढ़ावा देना व आयकर रिटर्न की ई फाइलिंग में करदाताओं को आ रही परेशानियों का समाधान बताना है। उन्होंने कहा यह आम करदाताओं के लिए एक सुविधा है। जिसका उन्हें अधिक से अधिक लाभ लेना चाहिए। उन्होंने सभी छोटे हुए मंझले करदाताओं से आग्रह किया कि उन्हें आयकर रिटर्न में आने वाली किसी भी परेशानी के लिए वे इन 2 दिनों में आईसीएआई की शिवली स्थित ब्रांच भवन में आकर कर विशेषज्ञों से सलाह ले सकते हैं।

### डॉक्टर के घर चोरी का प्रयास

**बीकानेर,** (कासं)। यहां चोरों के हौसले बढ़ते जा रहे हैं। यहां अब बाहरी गैंग भी अपनी सक्रियता दिखाने लगे हैं। नागणेची मंदिर के पास मरू धरा कॉलोनी में देर रात करीब डेढ़ बजे एक डॉक्टर के घर 6 बदमाशों ने चोरी करने का प्रयास किया लेकिन वे सफल नहीं हुए। डॉक्टर के घर हुई जाग के बाद वे वहां से पैदल ही चले गए। इनमें से कुछ बदमाशों ने कच्छे पहन रखे थे। कुछ ने अपनी पैंट ऊपर कर रखी थी। अधिकतर बदमाशों ने अपने चेहरे भी कपड़े से बांध रखे थे। घटना की सूचना मिलने पर व्यास कॉलोनी थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई। थाने के हैड कांस्टेबल रोहिताश भारी ने बताया कि बदमाशों की हरकत डॉक्टर के यहां लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो चुकी है। उन्होंने बताया कि जानकारी मिलने के तुरंत बाद सभी बीट कांस्टेबल और नाइट ड्यूटी में तैनात जवानों को अलर्ट कर दिया था। वहीं सोशल मीडिया में भी बदमाशों की वीडियो फुटेज डालकर आमजन को सतर्क रहने की हिदायत दी गई। उधर गंगाशहर में भी दो बाइक चोरी होने की सूचना मिली है। बताया जा रहा है कि नकाबपोश बदमाशों ने मरुधरा कॉलोनी में लोगों के घरों में रैकी करने के बाद गंगाशहर में दो बाइक चुराई है। एसपी तेजस्विनी गौतम ने भी सभी एसएचओ को अलर्ट रहने के निर्देश दिए हैं।

### कई शिक्षक मिले अनुपस्थित

**नोखा,** (कासं)। मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी माया बजाड़ व संदर्भ व्यक्ति हंसराज गोदारा द्वारा राजकीय विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जसरासर में महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम राजकीय स्कूल सुबह 7:30 बजे बंद मिला तथा एक भी शिक्षक समय पर उपस्थित नहीं मिला। निरीक्षण के समय मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी द्वारा प्रार्थना प्रारम्भ करवाई। इस संबंध में संस्था प्रधान व समस्त स्टाफ को नोटिस जारी किया गया। इसके अलावा राउमावि झाडेली, राप्रावि दिखनादी नाडी झाडेली, राप्रावि मेघवालो का मोहल्ला झाडेली, राप्रावि उडसर कैम्प का भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय अध्यापक दैनिक डायरी, कक्षा शिक्षण, ई-कक्षा कक्ष व डायल फ्यूचर के अन्तर्गत बच्चों को उनके लक्ष्य के बारे में बताया। एमडीएम व मुख्यमंत्री बालगोपाल दुग्ध योजना का भी निरीक्षण किया गया। इसके साथ ही उडान योजनान्तर्गत बालिकाओं को सेनेटरी नैपकीन वितरण की स्थिति को देखा और शिक्षा विभाग के प्रवेशोत्सव एवं हाउस होल्ड सर्वे संबंधी निर्देश दिये गए।

### युवती के शव का बोर्ड से पोस्टमार्टम

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। अनूपगढ़ निवासी 20 वर्षीय युवती खुशबू नायक के शव का जिला अस्पताल की मेडिकल बोर्ड टीम ने पोस्टमार्टम किया। इसके बाद शव को परिजनों को सौंप दिया। शाम को उसका अनूपगढ़ में अंतिम संस्कार करवाया गया। इधर युवती के पिता गुरमुखसिंह नायक की रिपोर्ट पर भिराणी निवासी अजयसिंह मांजू जाट के खिलाफ आत्महत्या दुष्प्रेरण के आरोप में मुकदमा दर्ज हो गया है। जांच अधिकारी सीओ सिटी प्रशांत कौशिक ने बताया कि मृतका के फोन की जांच से पता चला है कि आरोपी अजयसिंह मांजू की युवती से इंस्टाग्राम पर करीब 6 माह पहले दोस्ती हुई थी। आरोपी युवती को किस बात को लेकर तंग परेशान कर रहा था। इस संबंध में अभी अनुसंधान जारी है। उल्लेखनीय है कि खुशबू अपनी बड़ी बहन ज्योति नायक के साथ रामलीला मैदान के निकट 195 जी ब्लॉक स्थित मकान में किराए के कमरे में रहती थी। खुशबू पढ़ाई करती थी। जबकि बड़ी बहन प्राइवेट कंपनी में काम करती है। सोमवार सुबह 9 बजे बड़ी बहन ऑफिस काम पर चली गई। पीछे कमरे में अकेली खुशबू ने किसी समय फंदा लगाकर जान दे दी। कोतवाली पुलिस ने शव को फंदे से उतारकर जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया था।

### शाकद्वीपीय पंचायत 15 को

**बीकानेर,** (कासं)। आगामी 15-16 जुलाई को बीकानेर में शाकद्वीपीय मग ब्राह्मण समाज (पुजारी सेवक) का दो दिवसीय वैचारिक कार्यशाला आयोजित होगी। इसमें संपूर्ण राजस्थान से समाज के जनप्रतिनिधि समाज की अग्रणी पंक्ति के लोग शामिल होंगे। कार्यक्रम की संयोजिका कामिनी विमल भोजक मैया ने आज बाहर से आने वाले महानुभावों के लिए आवास, प्रवास, भोजन, पंजीयन, और यातायात के सुगम संचालन हेतु कमेटियां गठित की गई है। भोजक ने बताया कि यह आयोजन समाज को विकास की मुख्यधारा में जोड़ने के लिए मील का पत्थर साबित होगा। दो दिवसीय आयोजन में विभिन्न सत्रों में विषय पूर्वक चर्चा होगी। बीकानेर में भी आयोजन में शामिल होने के लिए जनसंपर्क किया जा रहा है।

# नोखा से उखाड़ ले गए ए.टी.एम., अजीतगढ़ से बरामद

**नोखा,** (कासं)। नोखा कस्बे से बदमाश एटीएम को उखाड़ ले गए थे। नोखा पुलिस ने एटीएम को अजतीगढ़ पुलिस के सहयोग से बरामद कर लिया है। वारदात में काम ली गई गाड़ी भी जब्त कर ली है। वहीं मौके से कई फर्जी नंबर प्लेटें मिली है। एटीएम व चोरी की गाड़ी को लेकर नोखा पुलिस मंगलवार शाम को नोखा लेकर पहुंची।

एटीएम चुराकर भागने वाले चोरों की गाड़ी का पिछला शीशा टूट गया था। जिस कारण लूटरों ने एक दुकान पर सीसा बदलने के लिए रूके तो संदिग्ध गाड़ी को देखकर मिस्त्री ने पुलिस को गाड़ी की सूचना दी। कुछ देर भागने के बाद गाड़ी व एटीएम को छोड़कर चोर भाग गए। जिस पर पुलिस ने गाड़ी को अपने कब्जे में ले लिए। थानाधिकारी ईश्वर प्रसाद जांगिड़ ने बताया कि वारदात करने वाले आरोपियों को शीघ्र ही गिरफ्तार कर लिया जायेगा।

- पुलिस की भनक लगते ही बदमाश फरार
- एटीएम व चोरी की गाड़ी को लेकर नोखा पहुंची पुलिस

पुलिस को गाड़ी में कटर, लोहे की भारी सांकले, फर्जी नम्बर प्लेट, कैमरे पर स्प्रे करने वाला सफेद व ब्लैक स्प्रे, लोहे की राड़े, पेट्रोल के लिए प्लास्टिक के डिब्बे मिले हैं। लोहे की रॉड आगे से नुकली थी, जो बेहद खतरनाक प्रतीत हो रही थी। इस दौरान चोरों ने एटीएम को तोड़ने का प्रयास भी किया लेकिन सफल नहीं हुए। वहीं घटना में काम में ली गाड़ी भी चोरी की बताई जा रही है। चोर डीजल के इंजन की गाड़ी में पेट्रोल डालकर चलाते थे, जिससे गाड़ी अपनी ताकत से अधिक स्पीड में दौड़ सके।

चोरी का एटीएम लेकर नोखा पुलिस के एएसआई ओमप्रकाश यादव की टीम व बैंक अधिकारी नोखा पहुंचे। दस दौरान एटीएम उतारने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। करीब आठ से 10 पुलिस कर्मियों ने गाड़ी से एटीएम उतारने की कोशिश की तो एटीएम अधिक भारी होने के कारण काफी मशक्कत से मालखाना में रखा गया। बैंक का तकनीकी कर्मचारी आने के बाद ही एटीएम खोलने की कार्यवाही की जायेगी।

थानाधिकारी ईश्वर प्रसाद जांगिड़ ने बताया कि अम्बेडकर सर्किल नोखा में स्थित पीएनबी बैंक का एटीएम चोरी हो गया था। सीसीटीवी कैमरे के फुटेज देखकर बदमाशों की पहचान कर उनको पकड़ने के प्रयास किए गए। अलग-अलग थानों में सूचना दी गई।

## स्कूल में शिक्षकों के रिक्त पद भरने की मांग

**नोखा,** (कासं)। ग्राम पंचायत मूंदड़ के ग्रामीणों ने राजकीय उच्च माध्यमिक स्कूल में रिक्त पदों को भरने की मांग को लेकर बुधवार को शिक्षा निदेशक ज्ञापन दिया।

ग्रामीणों ने बताया कि गांव के इस स्कूल में पिछले साल 237 नामांकन था, लेकिन पढ़ाई के लिए मात्र दो अध्यापक थे। जिससे शिक्षण व्यवस्था सुचारु रूप से चल नहीं सकी और विद्यार्थियों की संख्या कम होती जा रही है। ग्रामीणों ने बताया कि इस बार समय रहते मांगें नहीं मानी तो धरना प्रदर्शन किया जायेगा। रामप्रताप सियाग ने बताया कि अध्यापकों की कमी के कारण विद्यार्थियों को मजबूरन टीसी कटवाकर दूसरी स्कूल जाना पड़ रहा है। नजदीक उच्च माध्यमिक स्कूल नहीं होने से समय व धन का अपव्यय होगा। शिक्षा निदेशक ने बताया कि अभी नए पद स्वीकृत होते ही इस स्कूल का विशेष ध्यान रखेंगे।

# जमीन विवाद में युवक पर पिता-भाई ने किया हमला

**नोखा,** (कासं)। जमीन की बात को लेकर रंजिश रखते हुए मारपीट करने का आरोप लगाते हुए रायसर निवासी अनोप सिंह राजपूत ने अपने ही पिता, भाई व उसके बेटे के खिलाफ नोखा थाने में मुकदमा दर्ज करवाया है।

अनोप सिंह ने रिपोर्ट दी कि उसने अपने पुश्तैनी हिस्से की भूमि में ढाणी बना रखी है। वो व उसकी पत्नी विमला कंवर एवं बेटी जसोदा तीनों ही खेत में सुड करने गए थे तो देखा कि उसके हिस्से में टैक्टर बुवाई कर रहा था। उसने ट्रैक्टर वाले को मना किया तो उतने में गांव के ही भाई अर्जुन सिंह, पिता बलेसिंह, दलिप सिंह हाथों में लाठियां लेकर आ गए।

उसको जान से मारने की नियत से उसके साथ मारपीट की। अनोपसिंह ने बताया कि मारपीट के दौरान मेरी पत्नी और बेटी ने बीच बचाव किया तो आरोपियों ने उनके साथ भी मारपीट की। जाते समय उसके गले में से सोने का

- बचाव में आई पत्नी और बेटी से भी मारपीट, खेत में घुसने पर जान से मारने की धमकी दी

फुलडा तोड़ लिया और सभी ने धमकी दी की आज तो छोड़ दिया है। फिर कभी इस खेत में आएं तो सभी को जान से मार देंगे। झूठे बलात्कार केस में फंसाकर अंदर करवा देंगे। पीड़ित ने बताया कि आरोपी पिता और उसका भाई मेरे हिस्से की जमीन पर कब्जा करना चाहते हैं। खेत में रास्ता नहीं होने के बावजूद रास्ता भी निकाल दिया। उसके दुकान से घर जाने वाले रास्ते पर करंट के तार भी लगा दिये है। जिससे कभी भी करंट आ सकता है व घर पर पत्थर भी फेंके है। सभी जमीन की बात को लेकर रंजिश रखते हैं।

# रिलायंस जियो के टावर से सोलर प्लेट चोरी

**नोखा,** (कासं)। टावर से 28 सोलर प्लेट चोरी कर ले जाने का आरोप लगाते हुए जीपीएस पावर सोल्यूशन प्राईवेट लिमिटेड में स्टेट ऑफिसर योगेन्द्र सिंह ने नोखा थाने में मुकदमा दर्ज करवाया है।

योगेन्द्र सिंह ने रिपोर्ट दी कि वो जीपीएस पावर सिस्टम पीवीटी लिमिटेड में स्टेट ऑफिसर पद पर कार्य करता है। यह कम्पनी रिलायंस जियो के लिए कार्य करती है। रिलायंस जियो कम्पनी के कुछ टावर जो नोखा एरिया में लगे हैं जिसमें एक टावर जो चरकड़ा हाईवे रोड पर दादा बाड़ी मन्दिर के पास एक खेत में लगा है। जिसमें 28 नग सोलर प्लेट चोरी हुई है। यह चोरी किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा की गई है। यह चोरी किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा की गई है यह

- चरकड़ा हाईवे रोड पर दादा बाड़ी मन्दिर के पास एक खेत में लगे टावर से 28 नग सोलर प्लेट चोरी हुई
- बदमाशों ने रात को दिया वारदात को अंजाम

चोरी रात के समय में हुई है। लगभग रात एक बजे से 5 बजे के के बीच में यह चोरी हुई हैं। थाना अधिकारी ईश्वर प्रसाद जांगिड़ ने बताया कि कंपनी के अधिकारियों की रिपोर्ट के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है।

## उपखंड स्तरीय जनसुनवाई आज

**बीकानेर,** (कासं)। उपखंड स्तरीय जनसुनवाई गुरूवार को प्रातः 11 से दोपहर 2 बजे से सभी उपखंड मुख्यालयों पर आयोजित की जायेगी।

जिला कलेक्टर भगवती प्रसाद कलाल ने बताया कि जनसुनवाई के दौरान सभी ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों तथा प्रत्येक जिला स्तरीय अधिकारी को किसी एक ब्लॉक स्तरीय जनसुनवाई में उपस्थित रहने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि जनसुनवाई के दौरान संबंधित क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित करना होगा। जनसुनवाई के दौरान संपर्क पर लंबित प्रकरणों तथा परिवादियों को बुलाकर निस्तारण किया जाए। मुख्य सचिव द्वारा वीसी के माध्यम से जनसुनवाई की समीक्षा की जायेगी। पहले गुरूवार को ग्राम पंचायत, दूसरे को उपखंड तथा तीसरे को जिला स्तरीय जनसुनवाई आयोजित की जाती है।

# युवक की हत्या के आरोपी 12 जनों को आजीवन कारावास

**बीकानेर,** (कासं)। अपर सत्र न्यायाधीश संख्या चार ने 20 साल पुराने बंगला नगर में प्रभुत्व शर्मा हत्याकांड के 12 लोगों को आजीवन कारावास और अर्थदंड की सजा सुनाई है। जमीन विवाद में युवक को फोरव्हीलर से कुचला गया था।

बंगला नगर निवासी परिवादी शेरसिंह राजपूत ने 22 अगस्त, 2003 को नयाशहर थाना पुलिस को पर्चा बयान में बताया कि 22 अगस्त को वह अपने घर पर था। प्रभुत्व शर्मा सहित फाइनेंस कंपनी में काम करने वाले सात-आठ अन्य लोग भी थे। सभी की मोटरसाइकिलें घर के बाहर खड़ी थी। सुबह करीब 11 बजे घर के सामने बाड़े के पास वाली खुली जमीन पर विजय

- जमीन विवाद में युवक को गाड़ी से कुचल दिया था

पलाना, सहीराम फौजी, कैलाश पारीक व अन्य लोगों ने कब्जा करने के लिए चारदीवारी बनानी शुरू की। शेरसिंह और उसके भाई ओमसिंह ने मना किया तो काम रोक दिया और चले गए।

लेकिन दोपहर डेढ़ बजे पिकअप, बोलेरो और महेन्द्रा गाड़ियों में हथियारों से लैस होकर आये और जान से मारने की नीयत से हमला कर दिया तथा फायर किए। परिवादी और उसके साथी जान बचाकर घर भागे तो आरोपी भी अंदर घुस गए और पत्थर फेंके। सहीराम और विजय के कहने पर घर के बाहर खड़ी मोटरसाइकिलों में आग लगा दी। सहीराम तेजी ने तेजी से गाड़ी चलाते हुए कुचलने की कोशिश।

इस दौरान गाड़ी वहां खड़े प्रभुत्व शर्मा के ऊपर से निकल गई और उसकी मौत हो गई। पुलिस ने इस मामले में आरोपियों के खिलाफ कोर्ट में चालान पेश किया। कोर्ट ने मामले की सुनवाई करते हुए 12 आरोपियों को आजीवन कारावास और प्रत्येक को 22,500 रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई है। मालासर निवासी गोविन्दराम, सहीराम फौजी व विजयपाल, कैलाश पारीक, हरिराम उर्फ रामा व आसूराम, हेतराम, प्रेमचंद, धर्माराम, रामचन्द्र, सुमन प्रकाश, श्रवणराम शामिल हैं।

# संभागीय आयुक्त ने किया शहीद भगत सिंह प्रतिमा स्थल का निरीक्षण

**बीकानेर,** (कासं)। ग्रुप ऑफ भगत सिंह की ओर से लम्बे समय से चली आ रही मांग को लेकर जिला प्रशासन अब पूर्णतया हरकत में आ चुका है।

ग्रुप ऑफ भगत सिंह के महासचिव पवन राठी ने बताया कि ग्रुप ऑफ भगत सिंह द्वारा लम्बे समय से बीकानेर में शहीद भगत सिंह की प्रतिमा कोई स्थापित करने के लिए मांग की जा रही थी। जिसकी सैद्धांतिक स्वीकृति पूर्व में ही जिला प्रशासन द्वारा प्राप्त हो चुकी थी।

ग्रुप के संरक्षक नित्यानंद पारीक ने बताया कि आज संभागीय आयुक्त नीरज के. पवन ने पब्लिक पार्क स्थित तुलसी सर्किल की ओर जाने वाली मार्ग का निरीक्षण कर स्थान चयन प्रक्रिया को पूर्ण करते हुए ग्रुप सदस्यों से विचार विमर्श कर तुरंत प्रभाव से कार्रवाई करते हुए विश्नोई धर्मशाला के पास स्थान को चयनित एवं चिन्हित कर



**संभागीय आयुक्त नीरज के. पवन ( दाएं से दूसरे ) ने शहीद भगत सिंह प्रतिमा स्थल का निरीक्षण किया।**

स्वीकृति प्रदान की। आयुक्त ने बताया कि तुरंत ही इस स्थान पर सर्किल के निर्माण का कार्य प्रारंभ कर दिया जायेगा। ग्रुप के अध्यक्ष नवल गिरि ने संभागीय आयुक्त को बताया कि ग्रुप सदस्यों द्वारा शहीद भगत सिंह की मूर्ति का निर्माण कार्य ग्रुप सदस्यों द्वारा करवाया जा चुका है।

अब स्थान की स्वीकृति के साथ

- विश्नोई धर्मशाला के पास स्थान चिन्हित कर स्वीकृति प्रदान की

ही अंतिम व्यवस्थाओं को भी मूर्त रूप देने का कार्य भी शीघ्र किया जायेगा। अध्यक्ष ने बताया कि ग्रुप सदस्य द्वारा इसे आगामी 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस पर अनावरण संभागीय आयुक्त द्वारा ही करवाने की इच्छा है।

सचिव पवन राठी ने बताया कि स्थान निरीक्षण के पश्चात उपस्थित ग्रुप सदस्यों नत्थू लाल भाटी, नवल गिरी, राहुल जयपाल,संदीप सिंह, श्याम सोनी, रवि देवड़ा, सुशील पंचारिया ने ग्रुप के संरक्षक नित्यानंद पारीक के नेतृत्व में संभागीय आयुक्त नीरज के. पवन का आभार व्यक्त किया।

## बिजली-पानी की समस्या को लेकर रोष जताया

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। पंचायत समिति श्रीगंगानगर के सभागार में साधारण सभा की बैठक का आयोजन किया गया। इसमें सरपंचों व पंचायत समिति सदस्यों ने गांवों में बिजली-पानी की समस्याओं को लेकर जिम्मेदार अधिकारियों के प्रति नाराजगी जाहिर की।

इस मौके पर मुख्यमंत्री रोजगार गारंटी योजना के वाषिक प्लान का भी अनुमोदन किया गया। मुख्यमंत्री रोजगार गारंटी योजना के वर्ष 2023-024 के वार्षिक प्लान के अनुमोदन के लिए आयोजित बैठक में चर्चा के बाद सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया।

पंचायत समिति सदस्यों व सरपंचों ने अपने-अपने क्षेत्र में बिजली पानी को लेकर उपस्थित जिम्मेदार दोनों विभागों के एईएन के प्रति नाराजगी जाहिर की। दोनों विभागों के एईएन ने भी समस्याओं का जल्दी से जल्दी निस्तारण करने की मांग की।


कार्यालय नगरपालिका पीलीबंगा, जिला-हनुमानगढ़ वार्ड नम्बर -11खरलियां रोड़, पीलीबंगा

दुरभाष नं.-01508-233147 ई-मेल Nagarpalikapilibangh@ gmail.com, वेबसाईट:- urban.rajasthan.gov.in

क्रमांक/नपापी/एफ(1)PSKS-22/ भू.उ.प./2022-23/2385 दिनांक 12/07/2023

-:आपत्ति सूचना :-

सर्व साधारण एवं हर खास व आम को सूचित किया जाता हैं कि श्री भूपेन्द्र सिंह पुत्र श्री जसविन्द्र सिंह,जाति जटसिख निवासी वार्ड नम्बर 09 सदासिंहवाला तहसील पीलीबंगा, जिला हनुमानगढ़ द्वारा अपने स्वामित्व के भूखण्ड सैक्टर नम्बर-01 भूखण्ड संख्या -186, साईज 80x120=9600 वर्गफुट यानि 892.19वर्गमीटर आवासीय से वाणिज्यिक प्रयोजन हेतु राजस्थान नगरपालिका भू-उपयोग परिवर्तन नियम 2000के नियम 4 के तहत परिवर्तन हेतु आवेदन पत्र दिनांक 07/04/2022 को प्रस्तुत किया हैं। उक्त भूखण्ड नगरपालिका सीमा में स्थित हैं। नगरपालिका पीलीबंगा के प्रस्तावित मास्टर प्लान में उक्त भूखण्ड वाणिज्यिक प्रयोजनार्थ आरक्षित है।

| भूमि का वर्तमान प्रयोजन | वर्तमान मास्टर प्लान में प्रस्तावित भूमि | प्रस्तावित भू-उपयोग परिवर्तन | क्षेत्रफल |
|---|---|---|---|
| आवासीय | वाणिज्यिक प्रयोजनार्थ | आवासीय सेवाणिज्यिक प्रयोजन | साईज80x120 =9600वर्गफुट यानि 892.19 वर्गमीटर |

अतःउक्त भूखण्ड के भू-उपयोग परिवर्तन के संबंध में किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन होने की तिथि से 15दिन में नगरपालिका कार्यालय में कार्य दिवस में आकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। समयावधि के पश्चात किसी प्रकार की भी आपत्तियों पर विचार नही किया जावेगा तथा नियमानुसार भू-उपयोग परिवर्तन हेतु कार्यवाही कर दी जावेगी।

अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका मंडल पीलीबंगा

# डेंगू से बचाने और लार्वा नष्ट करने के लिए सफाई निरीक्षकों को दिया प्रशिक्षण

**श्रीगंगानगर, (कासं)।** बारिश के चलते आगामी दिनों में मच्छर जनित बीमारियों की आशंका बढ़ गई है। लिहाजा जिला कलेक्टर सौरभ स्वामी ने चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग सहित अन्य विभागों को समन्वय कर आवश्यक गतिविधियां करने के निर्देश दिए हैं। सभी विभाग हमारा स्वास्थ्य, हमारी जिम्मेदारी अभियान के तहत निर्धारित गतिविधियां करेंगे। इसी के चलते बुधवार को स्वास्थ्य विभाग की टीम ने नगर परिषद के सफाई निरीक्षकों को एंटीलार्वल गतिविधियों, मच्छरों, डेंगू व लार्वा के संबंध में प्रशिक्षण दिया।

अब ये कार्मिक अपने अधीनस्थ कार्मिकों व आमजन के साथ समन्वय कर जागरूकता के साथ ही एंटीलार्वल गतिविधियां करेंगे ताकि मौसमी बीमारियां न फैलें। गुप्ता ने बताया कि हमारा स्वास्थ्य, हमारी जिम्मेदारी अभियान के तहत बुधवार को कीट विशेषज्ञ डॉ. बजरंग एवं बंशीधर जोशी ने नगर परिषद के सफाई निरीक्षकों को प्रशिक्षित किया। इस दौरान उन्हें एंटीलार्वल गतिविधियां करने के तरीके सहित डेंगू मच्छरों की पहचान व लार्वा पहचान आदि के संबंध में प्रशिक्षण दिया। उन्हें बताया कि कैसे लोगों के घरों रखी पानी की टंकी, फ्रीज के पीछे लगी ट्रे, गमलों व अन्य साफ पानी में



**गंगानगर में स्वास्थ्य विभाग की ओर से कीट विशेषज्ञ डॉ. बजरंग एवं बंशीधर जोशी ने सफाई निरीक्षकों को एंटीलार्वल गतिविधियों, मच्छरों, डेंगू व लार्वा के संबंध में प्रशिक्षण दिया।**

लार्वा पैदा होता है और फिर कैसे मच्छर बनकर बीमारियां फैलाते हैं। अब ये कार्मिक शहर के सभी वार्डों में गतिविधियां करेंगे। वहीं स्वास्थ्य विभाग की टीमें एंटीलार्वल गतिविधियां करने में जुटी हुई है। डिप्टी सीएमएचओ डॉ. करण आर्य ने बताया कि मौसमी बीमारियों के बचाव के लिए विभाग ने 586 टीमें गठित की हैं जो आवश्यक गतिविधियां कर रही हैं।

वहीं जिला स्तरीय कंट्रोल रूम व रेपिड रेस्पोंस टीम भी गठित की गई है। इसके साथ ही सभी चिकित्सा अधिकारियों को पाबंद किया गया है कि वे अपने एरिया में निगरानी रखें। अंतर विभागीय समन्वय बनाएं, दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करें और आमजन को मौसमी बीमारियों के प्रति जागरूक करें। अब मच्छरों पर अंकुश लगाना जरूरी है, जिसके लिए सबसे ज्यादा जरूरी मच्छरों को पनपने से रोकना है इसलिए हमें अपने घर से शुरूआत करनी होगी। घर में रखे गमले, मटके, छतों पर अनावश्यक पड़े टायर, कबाड़ आदि में मच्छर पनपते हैं।

इसी तरह घर के भीतर भी बेम्बू, बोतल आदि में लगे पौधों में भी लार्वा पैदा हो जाते हैं। इनके पानी को सप्ताह में एक या दो बार अवश्य बदलें। इन

- **स्वास्थ्य विभाग की टीम ने नगर परिषद के सफाई निरीक्षकों को एंटीलार्वल गतिविधियों, मच्छरों, डेंगू व लार्वा के संबंध में प्रशिक्षण दिया**

हालात में जरूरी है कि हम नियमित रूप से सफाई अभियान घर में भी चलाएं और हर सप्ताह एक से दो घंटे घर की पूर्ण सफाई के लिए निकालें।

घरों के आस-पास भी पानी एकत्रित न होने दें। कूलर व फ्रीज के पीछे लगी ट्रे को नियमित रूप से साफ करें। हल्की बारिश के साथ ही आस-पास पानी का ठहराव हो जाता है, लिहाजा नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र या विभागीय कंट्रोल रूम नंबर 0154-2445071 पर सूचना दें ताकि आवश्यक गतिविधि की जा सके। विभागीय टीमें लगातार गतिविधियां कर रही हैं।

फिर भी आमजन का जागरूक होना बेहद जरूरी है। आमजन डेंगू व मलेरिया आदि की जागरूकता सामग्री चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म आईईसी श्रीगंगानगर से हांसिल कर सकते हैं।

## नर्सिंग कॉलेज का जायजा लिया

**हनुमानगढ़, (कासं)।** जिला मुख्यालय पर नवस्थापित सरकारी नर्सिंग कॉलेज में बीएससी नर्सिंग को लेकर 11 जुलाई को राजस्थान यूनिवर्सिटी ऑफ हैल्थ साइन्स (आरयूएचएस), जयपुर द्वारा निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण दल में निरीक्षक महेश कुमार बगरवाल एवं भीलवाड़ा के राजकीय नर्सिंग महाविद्यालय की नर्सिंग प्रोफेसर मीनू यादव ने राजकीय नर्सिंग महाविद्यालय, हनुमानगढ़ के संबद्धता सत्र 2023-24 में 60 सीट के प्रवेश हेतु निरीक्षण किया। उन्होंने नर्सिंग को लेकर राजकीय एमजीएम जिला चिकित्सालय, हनुमानगढ़ टाउन का भ्रमण कर व्यवस्थाओं एवं संसाधनों की जानकारी ली। निरीक्षक दल ने पीएमओ डॉ. मुकेश पोटलिया से शिष्टाचार मुलाकात कर नवनिर्मित भवन की भौतिक प्रोग्रेस रिपोर्ट के बारे में जानकारी ली। पीएमओ डॉ. मुकेश कुमार पोटलिया ने कहा कि नर्सिंग महाविद्यालय का नवनिर्मित भवन का कार्य प्रगति पर है, जो शीघ्र ही 2-3 महिनों में ग्राउंड फ्लोर तैयार होकर कार्यालयध्यक्ष नर्सिंग महाविद्यालय हनुमानगढ़ को हैंड ओवर हो जायेगा।

नर्सिंग महाविद्यालय में अध्ययन करने वाले विद्यार्थियों के लिए चिकित्सालय में प्रायोगिक अभ्यास के लिए सम्पूर्ण संसाधन उपलब्ध हैं। नर्सिंग महाविद्यालय को अनुमति भी प्रदान कर दी गई है। निरीक्षण दल द्वारा नर्सिंग महाविद्यालय के नवनिर्मित भवन का अवलोकन किया।

## सार-समाचार

### रैली से बताये तंबाकू के नुकसान




**हनुमानगढ़ स्थापना दिवस पर साइकिल रैली से तंबाकू उत्पादों से होने वाले नुकसान की जानकारी दी।**

**हनुमानगढ़, (कासं)।** जिला स्थापना दिवस के अवसर पर दो दिवसीय कार्यक्रम में बुधवार सुबह 6 बजे भगत सिंह चौक से भारत माता चौक तक राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तत्वावधान में जन जागरूकता साइकिल रैली निकाली गई। जिसमें हनुमानगढ़ संडे साइक्लिंग क्लब के सदस्यों ने भाग लिया। जिला परिषद सीईओ अशोक असीजा, एपीआरओ राजपाल लंबोरिया ने रैली को भगत सिंह चौक से रवाना किया। असीजा ने सभी जिले वासियों को 30 वें जिला स्थापना दिवस की बधाई देते हुए कहा कि जिले में चल रहे साठ दिवसीय टोबैको फ्री यूथ अभियान को सफल बनाने के लिए समस्त विभागों का सहयोग लिया जा रहा है। जन जागरूकता के माध्यम से ही हम जिले को तंबाकू मुक्त बना सकते हैं। उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ रविशंकर शर्मा ने इस मौके पर तंबाकू मुक्त हनुमानगढ़ के लिए चल रहे अभियान को लेकर लोगों में जन जागरूकता लाने बाबत विभाग की गतिविधियों के बारे में तथा तंबाकू से होने वाले दुष्प्रभाव और हानियों के बारे में बताया। साइक्लिंग क्लब के सदस्यों ने एकमत होकर अभियान में अपना सहयोग देने एवं हनुमानगढ़ को तंबाकू मुक्त बनाने में जो भी सहयोग अपेक्षित हो उसका समर्थन किया और भविष्य में अपने आसपास 2 को रोको, 4 को टोको अभियान निरंतर जारी रखने का सहयोग दिया। इस अवसर पर संडे साइक्लिंग क्लब के सदस्यों में एडवोकेट पुष्पेन्द्र शेखावत, कृष्ण जांगिड़, पवन सरावगी, चिकित्सा विभाग से डॉ. रविशंकर शर्मा, जिला कार्यक्रम अधिकारी अंजू बाला, जिला तंबाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ से त्रिलोकेश्वर शर्मा सहित पुलिसकर्मी और मीडियाकर्मी उपस्थित थे।

### नशा नहीं करने की शपथ दिलाई



**गंगानगर में ऑपरेशन सीमा में नुक्कड़ नाटक के जरिये स्थानीय कलाकारों ने नशा मुक्ति का संदेश दिया।**

**श्रीगंगानगर, (कासं)।** ग्राम पंचायत पन्नीवाला जाटान के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में नशा मुक्ति महाअभियान और जिला कलेक्टर सौरभ स्वामी एवं जिला पुलिस अधीक्षक परिस देशमुख के नेतृत्व में चलाए जा रहे ऑपरेशन सीमा कार्यक्रम के तहत सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग की ओर से विक्रम ज्याणी द्वारा एनएपीडीडीआर (नेशनल एक्शन प्लान फॉर ड्रग डिमांड रिड्यूकेशन) के अंतर्गत युवाओं को जागृत करने के लिये नाटक मंचन किया गया। कलाकारों ने नाटक में दिखाया कि नौजवानों को किस प्रकार नशे में फंसाया जाता है और किस प्रकार नौजवान नशे के लिए चोरी भी करते हैं। आने वाले समय में नशे के लिए आत्महत्या करने वालों की संख्या बढ़ेगी। नशे को रोकना है तो इसके लिए नौजवानों को मानसिक रूप से तैयार होना पड़ेगा। उन्होंने बताया कि जिला कलक्टर व जिला पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में 24 जुलाई से लेकर 30 जुलाई तक किया जायेगा। इसमें 18 साल से लेकर 40 साल तक के व्यक्ति भाग ले सकते हैं और व खाने और रहने का प्रबंध निःशुल्क रहेगा। कार्यक्रम वाईएलटीपी के बारे में जानकारी देते हुए आर्ट ऑफ लिविंग के बबीता चौधरी ने बताया कि यह विशेष अवसर है, जब नौजवान अपनी दिशा व दशा सुधारने और फिर पूरे समाज को सुधारने के लिए आगे बढ़ेंगे। कार्यक्रम में उपस्थित जनों को नशा नहीं करने की शपथ दिलवाई गई व 'मुझे गर्व है मैं नशा मुक्त हूं' की टी-शर्ट का वितरण किया गया। विद्यालय में ऑपरेशन सीमा यूथ कूब का गठन किया गया, जिसमें अनसुइया व प्रत्यक्ष को वॉलिंटियर के रूप में नियुक्त किया गया। ग्रामीणों, विद्यालय स्टाफ व सरपंच प्रेम सिहाग ने नाटक मंचन के लिये रेड आर्ट्स थियेटर ग्रुप का आभार व्यक्त किया।

### तीन घंटे बिजली गुल से परेशान

**बीकानेर, (कासं)।** जिला परिवहन कार्यालय में आमजन के लिए समस्याएं ख़त्म होने का नाम ही नहीं लेती है। कभी स्मार्टकार्ड नहीं, कभी केएमएस करने के लिए कार्मिक नहीं तो कभी विंडो पर स्टॉफ नहीं मिलता ओर रही सही कसर बिजली गुल ओर आये दिन सर्वर डाउन होने से निकल जाती है। आज अपने वाहनों और ड्राइविंग लाइसेंस कार्य के लिए आने वाले लोगो के बीकानेर आरटीओ कार्यालय पहुंचते ही सुबह 10 बजे से दोपहर एक बजे तक बिजली गुल हो गई। लोग भयंकर गर्मी में भूखे प्यासे बिजली आने की आस में पेड़ों और दीवारों के सहारे समय काटते रहे।

# दहेज के लिए पत्नी की हत्या के आरोप में पति गिरफ्तार

**श्रीगंगानगर, (कासं)।** करीब डेढ़ माह पहले नहर में मिले विवाहिता के शव के मामले में मृतका के पति को दहेज हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। यह कार्रवाई महिला उत्पीड़न मामलों की अनुसंधान की विशेष सेल के प्रभारी आरपीएस पुष्पेंद्र सिंह ने की है।

आरोपी को अदालत में पेश कर न्यायिक हिरासत में भिजवा दिया है। मामले में गिरफ्तार किये गए आरोपी के माता-पिता और बहन की भूमिका की जांच की जा रही है। जांच अधिकारी ने बताया कि आरोपी साधुवाली के वार्ड 10 निवासी अविनाशदीप नायक पुत्र अमरचंद नायक को पत्नी आरती नायक की दहेज की खातिर हत्या करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है।

मीरा चौक चौकी के सामने 9 जुलाई की अलसुबह ईंट मारकर सुनील वाल्मीकि की हत्या के आरोप में गिरफ्तार किए गए युवक विपिन सिंह उर्फ दानिया पुत्र कावल सिंह मजबी सिख निवासी राणाप्रताप कॉलोनी को न्यायिक हिरासत में भिजवाया गया है। आरोपी की पहचान

- **करीब डेढ़ माह पहले नहर में मिला था विवाहिता का शव**

तथा गिरफ्तार करने में मीरा चौक चौकी के एएसआई सुरेंद्र ज्याणी, कांस्टेबल कृष्ण साहु की विशेष भूमिका रही।

इस ब्लाइंड मर्डर का खुलासा करने को एसएचओ आईपीएस रमेश कुमार के निर्देशन में मीरा चौक चौक चौकी प्रभारी एसआई रामविलास, एसआई चंद्रभान धुआ, एएसआई सुरेन्द्र ज्याणी, रीडर चरण सिंह, कृष्ण साहु व अभीब खान की टीम गठित की गई थी। इस टीम ने आसपास के सीसीटीवी कैमरों के फुटेज जुटाए। इसके बाद रात को फुटपाथ, शटर के आगे शेडों के नीचे और घटनास्थल के बर्फ बेचने वाले फट्टे पर सोने वालों से पूछताछ कर जानकारी जुटाई और फिर आरोपी तक पहुंच पाए।

उल्लेखनीय है कि 9 जुलाई की सुबह शव बरामद किया था तब सुनील कुमार की मौत अत्यधिक शराब के नशे में बर्फ वाले फट्टे से नीचे गिरने से चोट लगने के कारण मान रहे थे। लेकिन पोस्टमार्टम रिपोर्ट तथा घटनास्थल के निकट के सीसीटीवी कैमरों ने पूरा मामला ही पलट दिया था।

मृतका के पिता बसंती चौक के निकट वासुदेव कॉलोनी निवासी गोपीराम नायक ने 29 मई को जवाहर नगर थाना में अपनी पुत्री आरती नायक की गुमशुदगी दर्ज करवाई थी। तीन दिन बाद 31 मई को आरती का शव कीकरचक फकीरवाली हैड में फंसा हुआ बरामद किया गया। इसके बाद मृतका के पिता की रिपोर्ट पर महिला थाना में आरती को दहेज की खातिर तंग परेशान करने और हत्या कर शव को खुर्दबुर्द करने के लिए नहर में डालने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया गया था।

पीडित पिता की ओर से आरोपी पति अविनाश दीप नायक, ससुर अमरचंद नायक, नंदलाल, सास राजूदेवी, देवर भानू, ननद सोनू पर दहेज की खातिर तंग करने और हत्या करने के आरोप लगाए थे। पोस्टमार्टम के बाद पति को दहेज हत्या के आरोप में गिरफ्तार कर लिया है।

## छेड़छाड़ से रोका तो भाईयों से मारपीट

**रायसिंहनगर, (कासं)।** यहां शादी समारोह में शामिल होकर वापस अपने मासी के घर जा रही एक नाबालिग से छेड़छाड़ करने व मना करने पर युवती के भाईयों से भी मारपीट करने के आरोप में दो नामजद सहित कई लोगों के खिलाफ मारपीट व पोस्को एक्ट की धाराओं में मामला दर्ज किया।

इस मामले में पुलिस ने देर शाम आरोपियों की धरपकड़ को लेकर छापेमारी भी की गई। हालांकि गिरफ्तारी को लेकर कोई पुष्टि नहीं हो पाई। पुलिस के अनुसार नाबालिग ने बताया कि वह 9 जुलाई को अपनी मासी की लड़की की शादी में शामिल होकर वापस बाइक से अपने मासी के बेटे भाई के साथ जा रही थी कि रास्ते में मनीष राठी पुत्र राहुल राठी निवासी वार्ड नंबर 12 व राकेश ने उन्हें रोका और उससे छेड़छाड़ की।

जैसे ही वह अपने मासी की घर की ओर गई तो आरोपियों ने फिर से उनका रास्ता रोक लिया व मनीष राठी के पास पिस्तौल था। आरोपियों द्वारा उसके भाई से मारपीट करने पर उसने दूसरे भाई को फोन पर बताया जिस पर वह भी मौके पर पहुंचा।

# थाने में हुआ राजीनामा, बाहर दोनों पक्ष भिड़े

**हनुमानगढ़, (कासं)।** महिला पुलिस थाना में हुए राजीनामा के बाद लड़का पक्ष के लोगों ने लड़की पक्ष के 2 लोगों पर हमला कर दिया। इस दौरान लड़की के पिता के दांत टूटे गए।

मौके पर मौजूद दोनों पक्षों के लोगों ने बीच-बचाव किया। हमला उस समय हुआ जब महिला पुलिस थाना में राजीनामा होने के बाद दोनों पक्ष के लोग कलेक्ट्रेट के सामने लिखित समझौता टाइप करवाने के लिए कलेक्ट्रेट के सामने टाइपिंग की दुकान पर गए थे।

पीडित मुखराम (42) पुत्र राजपाल जाट निवासी वार्ड 3, गांव मुंडा ने रिपोर्ट दी कि उसकी बेटी ममता की शादी अनिल पुत्र राजाराम जाट निवासी पक्का भादवां के साथ हुई थी। ममता ने अपने देवर सुरेन्द्र, सास मीरा और ननद संतोष के खिलाफ महिला पुलिस थाना में परेशान करने और मारपीट करने का केस दर्ज कराया था। पंचायत कर राजीनामा करवाने के लिए दोनों पक्षों को महिला पुलिस थाना में बुलाया गया था, जहां बातचीत के बाद राजीनामा हो गया था। इसके बाद शाम करीब 4 बजे दोनों पक्ष के लोग

- **लड़की के पिता के मुंह पर वार से टूटे 6 दांत, जीजा को भी घेरकर पीटा**

राजीनामा में हुई बातें लिखित में करवाने के लिए कलेक्ट्रेट के पास टाइपिंग की दुकान पर गए थे। यहां वह और उसके जमाई अनिल दुकान के बाहर खड़े थे। उसी दौरान उसकी बेटी की सास मीरा पत्नी राजाराम, देवर सुरेंद्र पुत्र राजाराम, ननद संतोष पुत्री राजाराम और ससुर राजाराम ने उसे और उसके जवाई अनिल को घेरकर मारपीट करने लगे।

पीडित ने बताया कि इस दौरान आरोपियों ने किसी लोहे की वस्तु से उसके मुंह पर वार कर दिया, जिससे उसके 6 दांत टूट गए और मुंह से खून बहने लगा। आरोपियों ने उसके सिर, छाती पर घूंसों-मुक्कों से वार किए। इस दौरान बिंद्रसिंह पुत्र आत्मासिंह, कृष्ण पुत्र मस्तानाराम, सुखदेव सिंह, रणजीत निवासी मुंडा ने बीच-बचाव कर उसे छुड़ाया।

# लड़की के मामले में अब परिजनों पर एफआईआर

**बीकानेर, (कासं)।** जिले के श्रीडूंगरगढ़ में पिछले दिनों नाबालिग लड़की के स्कूल टीचर के साथ भागने के मामले में नया मोड़ आ गया है। लड़की की बरामदगी के बाद पुलिस ने अब उसी के परिजनों के खिलाफ धार्मिक भावनाएं भड़काने और राजकार्य में बाधा डालने का मामला दर्ज किया है। जिसमें लड़के के परिजनों के साथ ही तीन-चार सौ लोगों को आरोपी बनाया गया है।

बड़ी संख्या में नामजद भी किया गया है। श्रीडूंगरगढ़ थानाधिकारी अशोक बिश्नोई ने एफआईआर में आरोप लगाया है कि पांच जुलाई को

- **पुलिस ने धार्मिक भावनाएं भड़काने का मामला दर्ज किया**

थाना भवन के सामने नेशनल हाईवे पर एकत्रित होकर रास्ता जाम किया गया। इतना ही नहीं धर्म विशेष के खिलाफ नारेबाजी की गई। उग्र नारे लगाए गए। इस दौरान पुलिस कर्मियों को भी उनकी ड्यूटी नहीं करने दी गई। इन लोगों ने न्यूसेंस फैलाते हुए लोगों को भड़काया और बिना पूर्व अनुमति के शक्ति प्रदर्शन किया गया।

## घर से दिनदहाड़े जेवर चोरी

**श्रीगंगानगर, (कासं)।** अग्रसेन नगर इलाके में दिन-दहाड़े चोरी का मामला सामने आया है। मकान मालिक जरूरी काम से घर से बाहर गया था। दोपहर के समय आस-पास के घरों के लोग सोए हुए थे। मौका देखकर चोर बंद मकान में घुसे और वारदात की।

अग्रसेन नगर के प्रदीप कुमार पुत्र पूर्णचंद ने बताया कि वह दोपहर में कुछ देर के लिए परिवार सहित घर से निकला था। घर आने पर ताले टूटे मिले। मकान में रखा पांच तोला सोना, आठ चांदी के सिक्के और डेढ हजार रुपए गायब मिले। जवाहर नगर पुलिस को सूचना दी गई। जांच अधिकारी महेंद्र सिंह ने बताया कि आस-पास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाली जा रही है।

# बहाव क्षेत्र में बंधे हटाने के काम का लिया जायजा

**श्रीगंगानगर, (कासं)।** जिले से होकर गुजरने वाली बरसाती नदी घग्घर के बहाव क्षेत्र का जायजा लेने के लिए बुधवार को जिला कलेक्टर सौरभ स्वामी और जिले के कई आला अफसर जैतसर इलाके में पहुंचे।

इन लोगों ने यहां पांच की पुली के पास के इलाके में घग्धर बहाव क्षेत्र में उग आए पेड़ पौधे हटाने के लिए हो रहे काम का जायजा लिया। घग्घर नदी हिमाचल प्रदेश की शिवालिक पहाड़ियों से होकर पहले हरियाणा और फिर हनुमानगढ़ जिले से होते हुए श्रीगंगानगर में प्रवेश करती है।

- **घग्घर नदी में बारिश का पानी आने पर कलेक्टर पहुंचे जैतसर**

श्रीगंगानगर के अनूपगढ़ से होते हुए बहुत ज्यादा पानी होने पर यह पाकिस्तान की तरफ चला जाता है। आमतौर पर यह पानी श्रीगंगानगर इलाके के किसान ही उपयोग कर लेते हैं। वे घग्घर बहाव क्षेत्र के आसपास के इलाकों में चावल की खेती करते हैं और यह पानी उनके लिए काफी उपयोगी साबित होता है। घग्घर नदी का पानी हनुमानगढ़ में टिब्बी से होते हुए श्रीगंगानगर जिले में प्रवेश करता है। यह पानी हनुमानगढ़ के नजदीक पहुंचने के बाद संभागीय आयुक्त नीरज के. पवन ने श्रीगंगानगर और हनुमानगढ़ जिले के कलेक्टर और एसपी के साथ मीटिंग की। इसमें घग्घर नदी में बढते जलस्तर से बाढ के खतरे से निपटने तथा किसी प्रकार की क्षति से बचाव के लिए की गई व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई। संभागीय आयुक्त ने घग्घर नदी में जल स्तर बढने पर तैयारी करने के निर्देश दिए।

# गत विधानसभा चुनाव में कम मतदान वाले क्षेत्रों में चलेगा जागरूकता अभियान

**बीकानेर, (कासं)।** स्वीप प्रकोष्ठ से जुड़े 21 विभागों के नोडल अधिकारियों की बैठक बुधवार को जिला परिषद सभागार में मुख्य कार्यकारी अधिकारी और प्रकोष्ठ प्रभारी नित्या के. की अध्यक्षता में हुई।

उन्होंने कहा कि गत विधानसभा चुनावों में न्यूनतम मतदान वाले केंद्रों पर जागरूकता की सघन गतिविधियां आयोजित की जायेगी। पहले चरण का जागरूकता अभियान 20 जुलाई से 31 अगस्त तक चलेगा। उन्होंने इसके लिए सभी विभागों को 15 जुलाई तक कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए और कहा कि युवा, महिला, विशेष योग्यजन, वृद्ध और ट्रांसजेंडर सहित प्रत्येक मतदाता तक पहुंचने के प्रयास किए जाएं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक नोडल अधिकारी स्वीप के सभी दिशा निर्देशों को समझ लें और इनकी पूर्ण पालना सुनिश्चित करें। उन्होंने विभागों द्वारा बूथ स्तर तक गतिविधियां संचालित करने और निचले स्तर तक समन्वय बनाए रखने के निर्देश दिए।




**जिला परिषद सभागार में स्वीप से जुड़े 21 विभागीय अधिकारियों की बैठक को सी.ई.ओ. नित्या के. (बीच में) ने संबोधित किया।**

स्वीप के सहायक प्रभारी हरि शंकर आचार्य ने मतदाता जागरूकता अभियान की आवश्यकता, उद्देश्य और आगामी दिनों में होने वाली गतिविधियों के बारे में बताया।नगर निगम के उपायुक्त राजेन्द्र कुमार ने कहा कि प्रत्येक विभाग के नोडल अधिकारी अपनी जिम्मेदारी समझे। स्टेट लेवल मास्टर ट्रेनर डॉ वाई. बी. माथुर और डॉ. एस.एल. राठी ने विभिन्न एप्स और फॉर्म्स के बारे में बताया। इस दौरान सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के संयुक्त निदेशक एल. डी. पंवार और अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी सुनील बोड़ा मौजूद रहे। इस दौरान शत प्रतिशत मतदान की शपथ दिलाई गई। सभी प्रभारी अधिकारियों ने वोटर हेल्प लाइन ऐप डाउनलोड किया और मॉक पोल करते हुए प्रक्रिया की जानकारी ली। कार्यक्रम का संचालन गोपाल जोशी ने किया।

- **स्वीप से जुड़े 21 विभागीय अधिकारियों की बैठक आयोजित**
- **पहले चरण का जागरूकता अभियान 20 जुलाई से 31 अगस्त तक चलेगा**

# विद्यार्थियों ने जानी ई.वी.एम. की कार्यप्रणाली, मतदान की शपथ ली

**बीकानेर, (कासं)।** शहर के 212 विद्यार्थियों ने बुधवार को मॉक पोल करते हुए ईवीएम-वीवीपैट की कार्यप्रणाली की जानकारी ली। इस दौरान दो हजार से अधिक विद्यार्थियों ने शत-प्रतिशत मतदान एवं पंजीकरण की शपथ ली।

जिला निर्वाचन कार्यालय की ईवीएम डेमोंस्ट्रेशन वैन के माध्यम से पहले दिन चार स्कूलों में जागरुकता शिविर आयोजित किए गए। इस दौरान 17 से 18 वर्ष आयु वर्ग के दो हजार से अधिक विद्यार्थियों ने मतदाता सूचियों में पंजीकरण अथवा प्री-पंजीकरण करवाने तथा आगामी विधानसभा चुनावों में शत-प्रतिशत मतदान की शपथ ली। पहले दिन राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय महर्षि दयानंद मार्ग, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बारह गुवाड़, राजकीय सादुल सीनियर सैकण्डरी स्कूल तथा राजकीय मेजर पूर्ण सिंह फोर्ट स्कूल में यह शिविर आयोजित हुए। इस दौरान एएलएमटी बजरंग लाल जाट ने ईवीएम-वीवीपैट की कार्यप्रणाली के बारे में बताया और मॉक पॉल करवाया। स्वीप प्रकोष्ठ की ओर से सुधीर मिश्रा, पवन खत्री, सुभाष जोशी और भवानी सोलंकी ने मतदान से जुड़ी जानकारी दी। स्वीप प्रकोष्ठ प्रभारी एवं जिला परिषद की मुख्य कार्यकारी अधिकारी नित्या के. ने बताया कि बुधवार को महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम स्कूल मुरलीधर व्यास नगर के अलावा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय श्रीरामसर, सुजानदेसर और करमीसर में आयोजित होगा।



**स्कूली विद्यार्थियों ने बुधवार को मॉक पोल करते हुए ईवीएम-वीवीपैट की कार्यप्रणाली की जानकारी ली।**

